संख्या ए-12023/2/2017-प्रशा.IV

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

पाँचवा तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001

**दिनांकः 8th मार्च, 2017**

सेवा में,

1. सभी उच्च न्यायालयों के महारजिस्ट्रार
2. भारत सरकार, सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
3. सभी राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव
4. रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण
5. सचिव, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण
6. रजिस्ट्रार, प्रतिस्पर्धा अपीलीय अधिकरण
7. कारपोरेट कार्य मंत्रालय में सभी क्षेत्रीय निदेशक/कंपनी रजिस्ट्रार/शासकीय समापक
8. सचिव, भारतीय चार्टर्ड अकांउटेंट सस्थांन (आईसीएआई), आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली-110002
9. सचिव, भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीओएआई), सदर स्ट्रीट, कोलकाता
10. सचिव, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली

विषयः राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में तकनीकी सदस्य के 12 पदों को भरना-आवेदन पत्र मंगाने के लिए।

*****

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 408 के अंन्तर्गत गठित राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में 12 सदस्यों के पदों के लिए **<u>अनुलग्नक-</u>**I में दिए गए प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2. चयनित उम्मीदवारों को चरणबद्ध रुप में देश के विभिन्न भागों में गठित या भविष्य में गठित की जाने वाली राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण की किसी भी खण्डपीठ में कार्य करना अपेक्षित होगा और यह स्थानांतरण रिक्तियों/कार्य की तात्कालिक आवश्यकताओं के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर हो सकता है।

3. **अर्हताएं:** इन पदों की अर्हताएं उच्चतम न्यायालय द्वारा डब्ल्यूपी(सी) संख्या 1072/2013 में दिए गए दिनांक 14 मई, 2015 के निर्णय के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 409 (3) के उपबंधों के अनुसार है। तद्नुसार एक व्यक्ति तकनीकी सदस्य के रुप में नियुक्ति के लिए तभी योग्य होगा जबकि वह,

(क) भारतीय कारपोरेट विधि सेवा अथवा भारतीय विधि सेवा में कम-से-कम पंद्रह वर्ष तक सदस्य रहा हो और भारत सरकार में सचिव अथवा अपर सचिव के समतुल्य पद पर रहा हो; अथवा

(ख) कम से कम पंद्रह वर्षों तक चार्टर्ड अकांउटेंट के रुप में कार्यरत हो अथवा रहा होः अथवा

(ग) कम से कम पंद्रह वर्षों तक लागत लेखाकार के रुप में कार्यरत हो अथवा रहा होः अथवा

(घ) कम से कम पंद्रह वर्षों तक कंपनी सचिव के रुप में कार्यरत हो अथवा रहा होः अथवा

(ङ) प्रमाणित योग्यता, सत्यनिष्ठा रखता हो तथा उसे औद्योगिक वित्त औद्योगिक प्रबंधन औद्योगिक पुनर्निर्माण, निवेश, लेखांकन में विशेष ज्ञान हो और कम से कम 15 वर्ष का व्यवसायिक अनुभव हो; अथवा

(च) वह न्यूनतम 5 वर्षों से/5 वर्ष तक औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) के अन्तर्गत गठित किसी श्रम न्यायालय, अधिकरण अथवा राष्ट्रीय अधिकरण का पीठासीन अधिकारी हो/रहा हो।

4. कोई व्यक्ति तकनीकी सदस्य के रुप में नियुक्ति का पात्र तभी होगा जब कि वह आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक **50 (पचास) वर्ष की आयु [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 413(2)]** पूरी कर चुका हो।

5. **नियुक्ति की शर्तेः** सदस्य 67,000-79,000/- रुपए (3% की दर से वार्षिक वेतन वृद्धि) (पूर्व संशोधित) और यथा अनुमेय भत्ते प्राप्त करेगा। वेतनमान तथा अन्य सेवा शर्तें राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें एवं निबंधन) नियम, 2015 द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

6. प्रत्येक सदस्य अपना कार्यभार संभालने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए पद पर बना रहेगा, परंतु वह अतिरिक्त पांच वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा। तथापि नियुक्ति का कार्यकाल 65 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के अध्यधीन है।

7. चयनित व्यक्तियों को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व एक चिकित्सा योग्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

8. पहले से ही सरकारी सेवा वाले व्यक्तियों के आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए। अग्रेषण प्राधिकारी को यह भी प्रमाणित(अनुलग्नक II में दिए गए प्रपत्र में) करना होगा कि आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टियों को रिकार्ड से सत्यापित किया गया है तथा इन्हें सही पाया गया है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता कार्यवाहियां न तो लंबित है अथवा न ही करने का विचार है एवं पिछले 10 वर्षों के दौरान इस अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है। अग्रेषण अधिकारी को आवेदक के पिछले 5 वर्षों के अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर भी संलग्न करने होंगे। यदि चयनित व्यक्ति पहले से ही सरकारी सेवा में हो तो वह अपने मूल संवर्ग या मंत्रालय या विभाग, जैसा भी मामला हो, में धारणाधिकार रख सकता है जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

9. अनुलग्नक-I में दिए गए प्रपत्र में विधिवत रुप से पूर्ण आवेदन-पत्र श्री नवनीत चौहान, निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा सं. 530, 'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को 24 अप्रैल, 2017 तक मिल जाने चाहिए। आवेदन पत्र मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in. या कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के वेबसाइट www.persmin.nic.in और कंपनी विधि बोर्ड की वेबसाइट www.nclt.gov.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

भवदीय,

21/6/21

(राकेश कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष-2338 7939

प्रतिलिपिः

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मुख्यालय के सभी अधिकारी, नई दिल्ली।
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. ई-गर्वनेंस सेल कारपोरेट कार्य मंत्रालय, को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

**अनुलग्नक-I**

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में तकनीकी सदस्य के पद के लिए आवेदन का प्रपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | *पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ की अनुप्रमाणित प्रति चिपकाएं* |
| 2. | पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया गया है | | |
| 3. | जन्म तिथि (मान्य दस्तावेज प्रमाण संलग्न किया जाना है) | | |
| 4. | पिता का नाम | | |
| 5. | पत्राचार का पता (दूरभाष/फैक्स संख्या/ई-मेल सहित) (ई-मेल आईडी अनिवार्य है) | | |
| 6. | स्थायी पता (दूरभाष/फैक्स संख्या सहित) | | |
| 7. | वर्तमान व्यवसाय/वृत्ति/नौकरी | | |
| 8. | पिछले तीन वर्षों की व्यवसायिक आय/परिलब्धियां (वर्षवार ब्यौरे दें) | | |

9. विपरीत कालानुक्रम में शैक्षिक योग्यताएं (डिग्री/डिप्लोमा की साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें)

| विश्वविद्यालय/समकक्ष संस्थान का नाम | डिग्री | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांकों का प्रतिशत | शैक्षिक विशेष योग्यता | विषय/ विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | बताएं कि पैरा 3(क) से (च) और पैरा 4 में | |

| | | |
|---|---|---|
| | उल्लिखित संबंधित योग्यता मानदंड पूरे किए गए हैं। पात्रता के संगत पैरा का भी उल्लेख करें। | |
| 11. | नीचे दिए गए प्रपत्र में विपरीत कालानुक्रम में वर्तमान और पूर्व रोजगार के ब्यौरेः | |

| नियोजक का नाम और पता | धारित पद और वर्तमान वेतन सहित वेतनमान | क्या नियमित/ प्रतिनियुक्ति/ तदर्थ आधार पर हैं | कार्यकाल की अवधि | | कार्य की प्रकृति/अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | **व्यावसायिक वृत्ति के ब्यौरे (जहां लागू हो):-**<br>**चार्टर अकाउंटेंट/लागत लेखाकार/कंपनी सचिव**<br><br>(क) पंजीकरण की तिथि<br>(ख) प्रैक्टिस के वर्षों की वास्तविक संख्या<br>(ग) स्थान तथा/या कोर्ट जिसमें पहले प्रैक्टिस की हो तथा अवधि<br>(घ) प्रैक्टिस की प्रकृति के ब्यौरे<br>(ङ) विशेषज्ञता का क्षेत्र, यदि कोई हो<br><br>**पैरा 3 (ड़) के में उल्लिखित योग्यताओं के तहत अर्हताएं:**<br><br>(च) अनुभव के वर्ष<br>(छ) संबंधित क्षेत्र में अनुभव<br>(ज) उक्त अनुभव की अवधि सहित ब्यौरे<br>(झ) विशेषज्ञता का क्षेत्र, यदि कोई हो<br><br>(इसके समर्थन में संबंधित दस्तावेजों और साथ ही पात्रता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ों की प्रतियां | |

| | | |
|---|---|---|
| | संलग्न की जाएं) | |
| 13. | आवेदक के कार्यो की पुष्टि करने वाली अन्य विशेष अर्हताएं अथवा अनुभव अथवा प्रकाशन जिसमें अर्हता मामलों को डील करने के संबंधी अनुभव शामिल हो। (यदि अपेक्षित हो, तो अलग शीट लगाएं) | |
| 14. | पदभार ग्रहण करने हेतु अपेक्षित सूचना की अवधि | |
| 15. | यदि उम्मीदवार सरकारी सेवा में न हो, तो दो जिम्मेदार व्यक्तियों (जो रिश्तेदार न हों) के नाम व पते | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है। चयन होने की दशा में, मैं सरकार द्वारा समय-समय पर विनिर्धारित पद से संबंधित शर्तों एवं निबंधनों का पालन करूंगा।

**स्थान:**

**तिथि:**

**(हस्ताक्षर)**

नाम : ______________________

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाला प्रमाण पत्र)**

प्रमाणित किया जाता है कि ______________________________ द्वारा दिए गए विवरण सही हैं तथा वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव रखते करते हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) श्री/श्रीमती ................................ के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) उनका सीआर/एपीएआर मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न हैं।

(iv) "पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई प्रमुख/गौण शास्ति नहीं लगाई गई है।"

(v) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए प्रमुख/गौण शास्तियों की सूची संलग्न है।

हस्ताक्षर .........................

नाम और पदनाम ...............................

दूरभाष ..........................

कार्यालय मुहर

स्थान :

दिनांक :

अनुलग्नकों की सूची :

1.

2.

3.

4.

5.

(जो लागू न हो उसे काट दें)